# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा / ए0आर0 / 8267
दिनांकः 01.11.2023
02

## विज्ञप्ति

एन0ई0पी0–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों बी0ए0 / बी0एस–सी0 / बी0काम0 में माइनर विषय के रूप में एन0सी0सी0 को अनुमत किया गया है। इस प्रकरण पर विस्तृत दिशा–निदेश तय करने हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या को विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक 09.10.2023 के मद संख्या–7(8) द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

एन0ई0पी0 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत ऐसे छात्र जिन्होंने माइनर विषय के रूप में एन0सी0सी0 का चयन कर रखा है के विषय में निम्नलिखित निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें :–

1. एन0सी0सी0 माइनर इलेक्टिव कोर्स वही विद्यार्थी ले सकते हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय / महाविद्यालय की एन0सी0सी0 यूनिट में नामांकन किया है।
2. बी एवं सी सर्टिफिकेट कोर्स दो अलग–अलग माइनर कोर्स 4+4 क्रेडिट के बराबर माने जायेंगे।
3. चूँकि प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद एन0सी0सी0 प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होती है अतः प्रवेश के समय जिन विद्यार्थियों ने माइनर कोर्स में एन0सी0सी0 चुना है उन्हें एन0सी0सी0 इनरोलमेंट प्रक्रिया बाद में होने की दशा में फिर से माइनर इलेक्टिव कोर्स में एन0सी0सी0 को चुनने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
4. प्रथम वर्ष (बी सर्टिफिकेट कोर्स) के किसी भी सेमेस्टर में नव चयनित एन0सी0सी0 कैडेट् (Enrolled Cadets) एन0सी0सी0 को माइनर के रूप में नहीं ले पायेगा। क्योंकि उसे तीन वर्ष में दो माइनर पेपर्स के न्यूनतम 4+4 क्रेडिट अर्जित करने हैं अतः वह द्वितीय वर्ष में बी प्रमाण पत्र परीक्षा और तृतीय वर्ष में सी प्रमाण पत्र परीक्षा (बी प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण करने की स्थिति में ही संभव) उत्तीर्ण करके 4+4 क्रेडिट अर्जित कर पाएगा।
5. बी व सी सर्टिफिकेट कोर्स को माइनर कोर्स की तरह लेने वाले विद्यार्थी का एक 25 अंक का आंतरिक मूल्यांकन होगा जो कि ANO द्वारा लिया जायेगा। उसकी बाह्य परीक्षा एन0सी0सी0 बटालियन द्वारा ली जाने वाली बी अथवा सी प्रमाण पत्र परीक्षा को माना जाएगा एवं उस परीक्षा में प्राप्त अंक को विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गए निम्न समतुल्य सूत्र द्वारा 75 अंक के समतुल्य बनाकर विद्यार्थी को विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग प्रणाली के अनुसार ग्रेड व क्रेडिट अंक प्रदान किए जाएंगे।

$$\text{समतूल्य सूत्र} = \left( \frac{\text{वि द्या र्थी द्वारा बी अथवा सी प्रमाणपत्र परीक्षा में प्राप्त अंक}}{\text{बी अथवा सी प्रमाणपत्र परीक्षा में अधिकतम अंक}} \right) \times 75$$

उदाहरणार्थ : यदि किसी विद्यार्थी ने एन0सी0सी0 बी सर्टिफिकेट में अधिकतम अंक 500 में से 350 अंक प्राप्त किए हैं तो उसे विश्वविद्यालय स्तर पर एन0सी0सी0 माइनर में बाह्य परीक्षा के अंक $(350/500)\times 75 = 52.5 = 53$ प्रदान किए जाएंगे।

6. आंतरिक मूल्यांकन में ANO द्वारा 25 अंकों में से विद्यार्थी को लिखित परीक्षा / उपस्थिति / कैंप में भागीदारी / अन्य करिकुलम एक्टिविटी में भागीदारी इत्यादि के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

अथवा

राष्ट्रीय स्तर के कैंपों (Youth Exchange Programme/Republic Day Programme/Thal Sainik Camp/National Level Camp) में प्रतिभाग वाले विद्यार्थी को आंतरिक मूल्यांकन साक्ष्य प्रस्तुत करने पर ANO द्वारा 25 अंक में से प्रदान किए जाएंगे।

7. आंतरिक एवं बाह्य परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की एन0सी0सी0 यूनिट द्वारा विश्वविद्यालय को भेजा जाएगा अथवा पोर्टल पर अंकों को अपलोड किया जाएगा। बी व सी प्रमाणपत्र का रिजल्ट आने पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपरोक्त क्रेडिट अंक भार के अनुसार कैडेट्स के अंक निर्धारित कर बी व सी के रिजल्ट के proof के साथ ANO द्वारा यूनिवर्सिटी को समय से उपलब्ध करवाना होगा।
8. CBCS प्रणाली होने के कारण विद्यार्थी NCC में नामांकन कराने के पश्चात् भी विश्वविद्यालय नियमानुसार अपना माइनर इलेक्टिव बदल सकता है।
9. स्नातक स्तर पर द्वितीय वर्ष से तृतीय वर्ष में कक्षोन्नति करने में यदि विद्यार्थी का परिणाम केवल NCC माइनर पेपर का रिजल्ट बटालियन से न आने की दशा में रूका है, तो विद्यार्थी को तृतीय वर्ष में कक्षोन्नति दे दी जायेगी।
10. बी सर्टिफिकेट तथा सी सर्टिफिकेट के माइनर इलेक्टिव कोर्स के लिए परीक्षा विभाग द्वारा दो अलग–अलग पेपर कोड दिये जायेंगे। ये दोनों पेपर्स प्रथम से तृतीय वर्ष में विद्यार्थी अपनी अर्हता के अनुसार चयन कर सकता है।
11. एन0सी0सी0 में अनुत्तीर्ण होने की दशा में अगले सेमेस्टर/वर्ष में विद्यार्थी अपना माइनर इलेक्टिव कोर्स बदल कर कोई और विषय का पेपर ले सकता है।
12. बी अथवा सी सर्टिफिकेट को माइनर इलेक्टिव के रूप में समानता प्राप्ति हेतु बी अथवा सी सर्टिफिकेट को एन0सी0सी0 निदेशालय से उत्तीर्ण करके प्राप्त करना आवश्यक है। केवल अधिकतमांक 100 में से 33 प्राप्तांक पाने पर माइनर उत्तीर्ण नहीं माना जाएगा।

**(ब) ऑनलाइन कोर्सेज की समतुल्यता**

यदि कोई विद्यार्थी किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कोई ऑनलाइन कोर्स अर्जित कर लाता है तो वह उसका प्रमाण पत्र, अंक पत्र तथा सिलेबस अपने आवेदन के साथ विश्वविद्यालय में जमा करेगा।

विश्वविद्यालय स्तर पर संकाय अध्यक्ष के अध्यक्षता में संबंधित विषय विशेषज्ञों की समिति इस आवेदन पर विचार कर सकती है।

01-11-2023

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. समस्त विभागध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. समस्त संकायाध्यक्ष, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप कुलसचिव/सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (गोपनीय/परीक्षा/रिजल्ट सैल) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. परीक्षा/परीक्षा परिणाम से सम्बन्धित समस्त अधिकृत एजेन्सियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01/11

**सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)**